जयपुर में नवनिर्मित भवन मानव सेवा को समर्पित

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए दादी रतनमोहिनी, बीके सुषमा व अन्य अतिथि।

शिव आमंत्रण, जयपुर। जयपुर में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के शास्त्री नगर सेवाकेन्द्र द्वारा नवनिर्मित भवन का उद्घाटन समारोह जन उपयोगी भवन में मनाया गया। भवन का उद्घाटन संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने किया। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा बनाये जाने वाले भवनों का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा का ही होता है। जिस तरह से युवा पीढ़ी संस्कार की गरिमा से दूर हो रही है, अपने कर्त्तव्य से विमुख हो रही है, इसके लिये संस्थान का हर संभव प्रयास रहता है कि युवा पीढ़ी और समाज का हर वर्ग फिर से मानव मुल्यों से सरोकार हो जाये और इस दुनिया का नक्शा बदल जाये। इस मौके पर एस. एन. ग्रुप के ओनर सत्य नारायण गुप्ता, पार्षद विद्याधर, इलाहाबाद सबजोन संचालिका बीके मनोरमा, जयपुर सबजोन संचालिका बीके सुषमा, वैशाली नगर सेवाकेन्द्र संचालिका बीके चंद्रकला तथा बीके मदनलाल शर्मा उपस्थित रहे।

संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने किया उद्घाटन

जागरुकता यातायात प्रभाग द्वारा सफल सुरक्षित जीवन यात्रा अभियान चलाया

सड़क पर चलें तो संयम पालन करें

शिव आमंत्रण ■ करनाल

सड़कों पर दिनोंदिन यातायात बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सड़कों के नियमों का सख्ती से पालन करना अति आवश्यक है। इन नियमों की अनदेखी से आये दिन एक्सीडेंट होते रहते है। सड़कों पर सबसे ज्यादा जरूरत होती है संयम पालन की। उक्त विचार व्यक्त किये हरियाणा की आईजी सुमन मंजरी ने। वे ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के यातायात प्रभाग द्वारा सफल सुरक्षित जीवन यात्रा अभियान के हरियाणा के करनाल सेक्टर-7 में पहुँचने पर आयोजित कार्यक्रम में अपना वक्तव्य दे रही थी। इस अवसर पर विकास परिषद के प्रेजीडेंट आदित्य बंसल, प्रभाग के मुख्यालय संयोजक बीके सुरेश शर्मा, मुंबई से बीके कविता, सेवाकेन्द्र संचालिका बीके प्रेम मुख्य रूप से उपस्थित थी।

करनाल में यातायात एवं परिवहन प्रभाग सम्मेलन का उदघाटन करते अतिथि।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर संयम की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। ज्यादातर एक्सीडेंट जल्दबाजी के कारण होते है। ऐसे में संस्था के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है वह अति आवश्यक चरण है जागरूकता के लिये तथा दुर्घटनाओं से बचने के लिये। अत: इस अभियान से सम्पूर्ण रूप से जुड़कर हमें इससे सफल बनाना चाहिये।

उन्होंने सेव किड्स लाईफ यूएनए के प्रोजेक्ट की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में बीके प्रेम ने सभी अभियान यात्रियों का आभार व्यक्त किया तथा उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी भी यातायात के नियमों का पालन करे तथा सफल एवम् सुरक्षित यात्रा के सहभागी बने।

जागरूक बनें

बीके सुरेश ने कहा कि आज यातायात नियमों की अनदेखी, जल्दबाजी तथा नशा भी काफी हद तक जिम्मेवार है सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं के लिये। आज यातायात नियमों की जागरूकता बेहद आवश्यक है। हर नागरिक को अपनी जिम्मेवारियों के प्रति जागरूक होना चाहिये ताकि इन विपत्तियों से बचा जा सके। यातायात की सुरक्षा के लिये अभिभावक 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कोई भी वाहन न दें ताकि किसी भी दुर्घटना की आशंका ही ना रहे। कम उम्र के बच्चों को सड़क के कायदे-कानून पूरे ज्ञात नहीं होते और दुर्घटनाओं में इजाफा होने का यह भी एक कारण है।

एडिक्शन फ्री इंडिया काउंसलिंग सेंटर से निःशुल्क ले सकेंगे सलाह

शिव आमंत्रण ■ मुंबई

देश में तेजी से बढ़ रहे व्यसनों के प्रभाव को देखते हुए ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा देश भर में व्यसनमुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को व्यसनों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और इनके रोकथाम के लिए मुंबई के कल्याण वेस्ट में माई इंडिया एडिक्शन फ्री इंडिया काउंसलिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्याण के मेयर राजेन्द्र देवलकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अल्का अवलस्कर, गायनोकोलोजिस्ट डॉ. भारती घिवलीकर, समाजसेवी प्रकाश शिंदे, कल्याण सबजोन प्रभारी बीके अल्का उपस्थित थीं।

मेयर राजेन्द्र देवलकर ने कहा कि संस्था का हर कार्य प्रशंसनीय है। नशा जिस तरह अपनी जड़े मजबूत कर रहा है ऐसे समय में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान ने जो अभियान शुरू किया है, वह समय की जरूरत है। हमें ऐसे शुभ कार्य में संस्था का पूर्णरूप से सहयोग करना चाहिये। बीके अल्का ने व्यसनमुक्ति अभियान के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि आज नशे की वजह से दिनोंदिन सामाजिक व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। हम एक तरफ तो विकास के सोपान पर चढ़ रहे हैं लेकिन नशा इस उन्नति की सीढ़ी को खोखला करता जा रहा है। अत: हमें इस सामाजिक बुराई से स्वयं को बचाना है। इससे मुक्त होने में राजयोग आप सभी के लिये सम्पूर्ण रूप से

अपने विचार और मन को स्वच्छ बनाएं

शिव आमंत्रण ■ इंदौर

संस्था के समाज प्रभाग द्वारा कोटा से खंडवा तक स्वच्छ समाज स्वस्थ समाज आभियान निकाला गया। इस अभियान के इन्दौर पहुँचने पर यहाँ ओमशांति भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मांउट आबू से बीके ओंकार, इन्दौर जोन की मुख्य क्षेत्रीय संयोजिका बीके हेमलता, लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुरेश जैन, ओमप्रकाश बिदासरिया, रमेश गुप्ता, तवलीन फांउडेशन से डॉ. उज्जवल, पूर्व महापौर उमा शशि शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद दलीप शर्मा सहित कई विशिष्ट लोगों ने दीप प्रज्वल्लन के साथ किया। इस दौरान सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सुन्दर सांस्कृतिक नृत्य द्वारा किया गया। उपस्थित सभी विशिष्ट जनों ने अपने संबोधन में कहा कि हमें बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देना होगा।

बापदादा ने किया पॉवर ऑफ सकाश एप का शुभारंभ

शिव आमंत्रण, आबू रोड। 5 दिसंबर को बापदादा ने डॉयमंड हॉल में पॉवर ऑफ सकाश मोबाइल एप का शुभारंभ किया। इसे भाई-बहन अपने मोबाइल में डाउनलोड पर अपने पुरुषार्थ में तीव्रता ला सकते हैं। आप इसे गूगल प्ले स्टोर में जाकर अपने मोबाइल में इस्टाल कर सकते हैं। इससे अब तक करीब 40 हजार से अधिक भाई-बहनों ने जुड़कर ज्ञान और योग के पुरुषार्थ में तीव्रता लाई है। साथ ही कई लोगों का एप से जुड़ने के बाद जीवन परिवर्तन हुआ है। इसमें एक ऑप्शन ये भी है कि आप किसी समस्या या परेशानी में हैं तो अपनी फोटो निकालकर इसमें अपलोड कर दें। सकाश टीम के 40 हजार मेंबर योग के माध्यम से शांति के बायब्रेशन देंगे।

चरित्र निर्माण ही शिक्षा का मूल उद्देश्य : बीके भगवान

शिव आमंत्रण, फतेहगढ़। आज इंसान धन के पीछे सब कुछ गंवा रहा है। उसे ये समझ होनी चाहिये कि धन से भी आवश्यक है चरित्र। अगर चरित्र गया तो सब कुछ चला गया। चरित्रहीन व्यक्ति किसी काम का नहीं रहता है। अत: शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल धन प्राप्ति ना होकर चरित्र निर्माण भी होना चाहिये। उक्त विचार व्यक्त किये मांउट आबू से आये बीके भगवान ने। वे उत्तरप्रदेश के फतेहगढ़ सेवाकेन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें ये अपना नियम बना लेना चाहिये कि मुझे अपना जीवन नैतिकता, सच्चाई, ईमानदारी के साथ ही जीना है। जिसका जीवन इन गुणों से भरपूर होता है वह व्यक्ति ही समाजोपयोगी होता है। प्रिंसिपल रविश चंद्र ने कहा कि जीवन में नैतिक शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में ब्रह्माकुमारीज़ संस्था जिस तरह से हर स्तर पर नैतिकता का पाठ पढ़ा रही है वह सराहना के योग्य है।

मेडीकल कॉलेज व डॉक्टर्स को बताए राजयोग के फायदे

व्यस्तता में भी व्यवस्था बनाएं रखें

वर्धमान मेडिकल कालेज में चिकित्सकों तथा विद्यार्थियों के साथ आयोजित कार्यक्रम में डा. एके दत्ता तथा बीके रूमा एवं अन्य।

शिव आमंत्रण ■ पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल में वर्धमान के मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स तथा स्टूडेन्टस के लिए इजी मेडिटेशन फॉर बिजी डॉक्टर्स विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता के रूप में बीके रूमा ने कहा कि डॉक्टर्स की दिनचर्या व्यस्त होती जा रही है। जिसका प्रभाव उनके पारिवारिक तथा सामाजिक सम्बन्धों पर भी दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में राजयोग का अभ्यास हमारे लिए अत्यन्त आवश्यक है। यह हमारी मन को शक्ति तथा शान्ति से भरपूर करता है और इन दोनों चीजों की हमें कार्यक्षेत्र पर अत्यन्त आवश्यकता होती है। इस अवसर पर पीडियाटिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ. एके दत्ता, डॉ. तारक नाथ, कम्युनिटी मेडीसिन से डॉ. रविन्द्र नाथ राय, डीन डॉ. पार्थाप्रतिम मुखोपाध्याय, गायनाकॉलोजिस्ट डॉ. देबोब्रोतो राय, डॉ. तारा शंकर मलिक, एनाटोमी डॉ. देबाशिश विश्वास तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

नियमित राजयोग मेडिटेशन से जीवन में आएगी सुख-शांति

दिल्ली के नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में अतिथियों को सौगात देती बीके डेनिस लारेन्स।

शिव आमंत्रण, नई दिल्ली। दिल्ली के हरिनगर सेवाकेन्द्र द्वारा नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में राजयोग मेडीटेशन से करें सुरक्षा की अनुभूति विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के यूरोपीयन देशों में सेवाकेन्द्रों की निदेशिका बीके डिनीस, लॉ यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. रनबीर सिंह, नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ से प्रो. वी सी विवेकानंदन, हरि नगर सेवाकेन्द्र से बीके नेहा, बीके सुनील उपस्थित थे। बीके डिनीस ने कहा कि हम इस भौतिक संसार के संसाधनों में स्थायी सुख-शांति एवं सुरक्षा की अनुभूति नहीं कर पा रहे है। यदि हम थोड़ा सा समय निकालकर नियमित राजयोग का अभ्यास करें तो निश्चित रूप से हम स्थायी सुख-शांति, शक्ति की अनुभूति कर सकेंगे।

आध्यात्मिकता सिखाती है अच्छा बनना

शिव आमंत्रण, धमतरी। छत्तीसगढ़, धमतरी के दिव्यधाम सेवाकेन्द्र पर स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशी का रहस्य विषय पर पाँच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, हीरोहोंडा शोरूम के प्रोप्राईटर दिनेश राठी, मुख्य वक्ता प्रो. ई वी गिरीश, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका बीके सरिता ने दीप प्रज्वल्लन के साथ किया। मुख्य वक्ता ई वी गिरीश ने कहा कि आध्यात्मिकता का सीधा और सरल शब्दों में अर्थ होता है अच्छा बनना। इसका किसी प्रवचन, रगं, खानपान, वस्त्र अथवा धर्म से कोई संबंध नहीं है। आध्यात्मिकता तो केवल आचरण सिखाती है, जीवन जीने का तरीका सिखाती है।

शिव दर्शन एक्सप्रेस पहुंची अनूपशहर

शिव आमंत्रण, अनूपशहर। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा दी जाने वाली परमात्म शिक्षाओं से सुसज्जित शिव दर्शन एक्सप्रेस के उत्तरप्रदेश के अनूपशहर में पहुँचने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एस डी एम हेरपाल सिंह ने कहा कि संस्थान का जनजागृति के लिये यह अनूठी पहल है। जिसमें आत्मज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक जीवनोपयोगी सामग्री का भी समावेश है। कार्यक्रम के पश्चात् सेवाकेन्द्र संचालिका बीके मीना तथा एसडीएम हेरपाल ने शिव दर्शन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर जनसेवाओं के लिये रवाना किया।

जिला सभागृह में पढ़ाया खुशी का पाठ

शिव आमंत्रण, मेरठ। मेरठ के जिला सभागृह में ट्रांसफॉर्मिंग स्ट्रेस इंटू हैपीनस विषय पर वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को वर्कशॉप करवायी गई। इसमें मेरठ की डीएम बी चंद्रकला, संस्थान से आई.एम.सी. बीके डॉ. सुनीता, सेवाकेन्द्र संचालिका बीके सुनीता उपस्थित रही। इस मौके पर बीके डॉ. सुनीता ने कहा कि आध्यात्म से जुड़कर हमें शक्ति मिलती है और तन-मन का तनाव कम होता है। जितना हम तनाव से बचे रहेंगे, उतना ही हम खुश और शक्तिशाली रह सकते है। पूर्व आईएएस बीके सीताराम मीणा ने सभी आधिकारियों से संस्थान के द्वारा सिखाये जाने वाले नि:शुल्क राजयोग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सलाह दी।

अभियान नारी जाति के उत्थान में सहायक

शिव आमंत्रण, गोवा। आज समाज में नारी की जो दशा है वह काफी विचारणीय है। ऐसे में यह अभियान नारी जाति के उत्थान में अति सहायक सिद्ध होगा। उक्त विचार व्यक्त किये विधायक ग्लेन साउजा टिक्लो ने। वे संस्था के पणजी सेवाकेन्द्र द्वारा संस्था के वुमेनस विंग द्वारा चलाए जा रहे नारी दिव्यत्व दर्शन अभियान के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित सभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सेवाकेन्द्र संचालिका बीके दर्शन तथा बीके शोभा सहित अनेक सदस्यों ने शिव ध्वज दिखाकर इस अभियान को रवानगी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ये अभियान अति आवश्यक है। इससे समाज में एक नई जागरूकता का संचार होगा।

सम्पूर्ण करीमगंज को तनावमुक्त बनाने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ की पहल

शिव आमंत्रण, करीमगंज। आसाम के करीमगंज को पूर्णतया तनावमुक्त बनाने के लिये संस्थान के करीमगंज सेवाकेन्द्र ने 11 दिवसीय अलविदा तनाव शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में वलसाड से आयी बीके पारूल ने तनावमुक्ति के लिए सकारात्मक जीवनशैली के बारे में सभी को अवगत करवाया। इसके साथ ही राजयोग ध्यान द्वारा उपस्थित हजारों की संख्या में लोगों को परमात्म शक्ति की अनुभूति भी करायी। कार्यक्रममें अतिरिक्त उपायुक्त सुजीत बगलारी, पुलिस अधीक्षक प्रदीप रंजन, कमाडेंट संजीव शेखर राय, कमाडेंट सुखविंदर सिंह, बीके पारूल उपस्थित थी।

प्रकाशक एवं मुद्रक: ब्र.कु. करुणा द्वारा प्रकाशित एवं डीबी सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित। Posted at Shantivan P.O. Dt. 18 to 20 of Each Month

सलाहकार संपादक: प्रो. कमल दीक्षित **संपादक:** ब्र.कु. कोमल, **संयुक्त संपादक:** ब्र.कु. पुष्पेन्द्र। **आरएनआई नंबर: आरजेएचआईएन/ 2013/53539**

राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय समाचार

नैतिक मूल्यों की धारणा ही सच्चा विकास

शिव आमंत्रण, लंदन। लंदन के साउथहॉल में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पानीपत के ज्ञानमानसरोवर के निदेशक बीके भारत भूषण मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए बीके भारत भूषण ने कहा कि वर्तमान में बाह्य विकास बहुत हो रहा है लेकिन इतना विकास होते हुए भी मानव मन को सच्चा सुख नहीं मिल रहा है। ऐसे में आध्यात्मिक ज्ञान की बेहद आवश्यकता है ताकि हम अपने नैतिक मूल्यों के साथ विकास के जगत में आगे बढ़े और विकास के नये आयाम स्थापित कर सके।

यूके में भागवत गीता पर प्रवचन

शिव आमंत्रण, यूके। यूके के नॉघिटम सेवाकेन्द्र द्वारा सीक्रेट्स ऑफ श्रीमद् भगवद् गीता विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहर के विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बीके भारत भूषण ने श्रीमद् भगवद् गीता के आध्यात्मिक रहस्यों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भगवद् गीता किसी एक धर्म से सम्बन्धित नहीं है लेकिन इसमें सम्पूर्ण मानव जाति को सम्बोधित किया गया है। यह गीता ज्ञान हर मनुष्य को व्यावहारिक तौर पर मार्गदर्शना प्रदान करता है।

विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में डॉ. बिन्नी का शांतिदूत के रूप में चयन

शिव आमंत्रण, अमेरिका। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की सदस्या बीके बिन्नी को साल्ट लेक सिटी में आयोजित विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में भारत से शान्तिदूत के रूप में चयन किया गया। यह घोषणा ग्लोबल पीस इनिशीयेटिव के अध्यक्ष डॉ. पाल फलिंघम ने की। इस तीन दिवसीय सम्मेलन के शुभारम्भ पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। सम्मेलन में 45 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि शान्ति, प्यार व सद्भावना आदि गुणों का विस्तार विश्व में जितना अधिक होगा उतना ही जल्दी विश्व एक नया रूप लेगा जिसमें शांति का सूर्य हमेशा उदय रहेगा। इस कार्यक्रम में डॉ. बिन्नी के साथ-साथ बीके मोरीन तथा बीके बिन्दू ने भी अपनी विशेष प्रस्तुति दी।

राजयोग से आती है आंतरिक मजबूती

शिव आमंत्रण, रशिया। मास्को में भारतीय दूतावास में महिला एवं परिवारिक मूल्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भारतीय दूतावास की शिक्षामंत्री अंजलि पाण्डे, मास्को में ब्रह्माकुमारीज की निदेशिका बीके सुधा, इंडियन वुमेन एसोसिएशन के मेम्बर्स मुख्य रूप से उपस्थित थे। बीके सुधा ने वर्तमान में नैतिक मूल्यों का पतन होना चिन्ता का विषय है। अगर यही हालात रहे तो सुखद भविष्य की कामना करना व्यर्थ है। संस्था द्वारा सिखाया जाने वाला राजयोग हमें आन्तरिक तौर पर मजबूत करता है तथा नैतिक मूल्यों का अनुकरण करने में मददगार साबित होता है। अत: इस ज्ञान को हमें अवश्य ग्रहण करना चाहिये।

कार्यक्रम में बीके संगीता सम्मानित

शिव आमंत्रण, कड़ी। गुजरात के कडी में भारतीय जनता पार्टी के स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज़ को आमंत्रित किया गया। डिप्टी सीएम नितिन पटेल, पार्टी के जिला प्रमुख जीतू वाघानी, सांसद जयश्री पटेल, सेवाकेन्द्र संचालिका बीके संगीता उपस्थित रहीं। डिप्टी सीएम नितिन पटेल ने बीके संगीता को समाज सुधारक के रूप में दिये गये अतुलनीय योगदान के लिये शॉल ओढाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

सूचना

सामाजिक सेवाओं तथा आन्तरिक सशक्तिकरण के प्रयास के साथ निकाला गया मासिक शिव आमंत्रण समाचार पत्र एक सम्पूर्ण अखबार है। जिससे आप सभी पाठकों का लगातार सहयोग मिल रहा है। यही हमारी ताकत है।

वार्षिक मूल्य	: 90 रूपये
तीन वर्ष	: 260 रूपये
आजीवन	: 2200 रूपये

पत्र व्यवहार का पता

संपादक: ब्र.कु. कोमल, ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिस, शांतिवन-307510

आबू रोड- 307510, जिला-सिरोही, राजस्थान

मो.8769830661, 9413384884

Email: shivamantran@bkivv.org, bkkomal@gmail.com